प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात **दिनांक- 29.03.2026**

थाना मूसानगर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए चोरी की घटना कारित करने वाले 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 जोडी पायल सफेद धातु की (वजन लगभग 35 ग्राम) व ₹ 23,100/- हुए बरामद।

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 29.03.2026 को थाना मूसानगर पर वादिनी श्रीमती तारावती पत्नी श्री रामकेश निवासी ग्राम नयापुरवा (हलिया) थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनांक 27/28.03.2026 की रात्रि में घर में घुसकर कमरे में रखे 35,000/- रुपये तथा जेवर (जिसमें 01 अंगूठी सोने, 01 मंगलसूत्र सोने का व 01 जोड़ी पायल चांदी) अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली है, जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0028/2026 धारा 331(4)/305(a) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। पंजीकृत अभियोग में साक्ष्य संकलन के आधार पर प्रकाश में आये अभियुक्त ध्रुव सिंह उम्र 26 वर्ष पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम नयापुरवा थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार भोगनीपुर-घाटमपुर हाईवे पर हलिया मोड तिराहे के पास बहद ग्राम हलिया दिनांक 29/30.03.2026 की रात्रि में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के कब्जे से चोरी किये गये रुपयों में से शेष ₹ 23,100/- नकद व 01 जोडी पायल सफेद धातु (वजन लगभग 35 ग्राम) बरामद हुई। अभियुक्त से बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम व पता-

1.ध्रुव सिंह उम्र 26 वर्ष पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम नयापुरवा थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात।

अभियुक्त ध्रुव सिंह उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0- 170/2022 धारा 379/411 भा0द0वि0 कोतवाली कालपी जनपद जालौन।
2. मु0अ0सं0 28/2026 धारा 331(4)/305(a)/317(2) बीएनएस थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात।

बरामदगी-

23,100/- रुपये नकद व 01 जोडी पायल सफेद धातु (वजन लगभग 35 ग्राम)

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त ने पूछने पर बताया कि मैंने दिनांक 27/28.03.2026 की रात्रि में अपने ही गांव की तारावती पत्नी रामकेश ग्राम नयापुरवा (हलिया) थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात के घर में घुसकर कमरे से 35,000 रुपये व जेवर में 01 अगूठी सोने की, 01 मंगलसूत्र सोने का, 01 जोडी पायल चांदी की चोरी की थी। मैंने अंगूठी व मंगलसूत्र आते जाते लोगों को बेच दिया था। उक्त सामान बेचने से मिले रुपये मुझसे खर्च हो गये हैं तथा चोरी किये गये 35,000/रुपयो में से 11,900 रुपये भी मैने खर्च कर दिये हैं। मेरे पास 23,100/-रुपये व 01 जोडी पायल बचे थे, जो आपने मुझसे बरामद किये है।

गिरफ्तार करने वाली थाना मूसानगर पुलिस टीम-

1.प्रभारी निरीक्षक श्रीमती रीना गौतम
2.उ0नि0 श्री सुनील कुमार वर्मा
3.उ0नि0 श्री किरनपाल नागर
4.का0 877 सत्यवीर सिंह
5.का0 642 गोविन्द यादव